Need to include Painganga River in Wainganga-Nalganga River Linking Project-laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मैं सरकार का ध्यान नदी जोड़ो परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, भारत सरकार के माध्यम से नदी-जोड़ो प्रकल्प का सर्वेक्षण चल रहा है, जिसमें वैनगंगा से नलगंगा के सर्वेक्षण की भी मंजूरी दी गई है। यदि नदी-जोड़ो परियोजना में पैनगंगा को भी जोड़ दिया जाये तो अत्यधिक लाभ होगा। यह कहते हुए मुझे अत्यंत खेद है कि महाराष्ट्र राज्य में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा, यवतमाल, वाशिम, अमरावती, अकोला, वर्धा इत्यादि जिले किसानों की आत्महत्या से ग्रस्त होने के नाम से पूरे देश और दुनिया में जाने जाते हैं। यह जिले सूखे से बुरी तरह प्रभावित रहते हैं, और सारी खेती की उपज पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर है और सिचाई का कोई दूसरा साधन उपलब्ध नहीं है। सूखे से फसल की बरबादी के कारण किसान बुरी तरह से आर्थिक जंजाल में फंस जाते हैं तथा उनके द्वारा की जानेवाली आत्महत्या का प्रमुख कारण भी यही है और सरकार के सर्वेक्षण में भी इसी बात की पुष्टि की गई है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि किसानों के हितार्थ वैनगंगा से नलगंगा को जोड़ने वाले इस सर्वेक्षण में अगर पैनगंगा को भी जोड़ दिया जाता है तो उससे किसानों को भी फायदा होगा।